पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

देहरादून, रविवार 17 नवंबर, 2019





निवेशकों का प्रतिनिधिमण्डल मुख्यमंत्री से भेंट करते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### खनन माफिया ने सिपाही के ऊपर चढ़ाया ट्रैक्टर

**(संवाददाता)** देहरादून। विकासनगर में सिपाही पर खनन माफिया ने ट्रैक्टर ट्रॉली चढ़ा दिया, जिससे उसकी छाती की पसलियां और जोड़ा टूट गया है। मामला विकासनगर कोतवाली क्षेत्र के ढकरानी गांव का है। जहां आज सुबह करीब 5.00 बजे खनन माफियाओं ने सिपाही मनोज कुमार की छाती पर ट्रैक्टर का अगला पहिया चढ़ा दिया। इसके बाद ट्रैक्टर ट्रॉली का चालक फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिपाही देहरादून के सिनर्जी अस्पताल में भर्ती है। डॉक्टरों ने उनकी हालत हालत खतरे से बाहर बताई है। फरार चालक की तलाश में पुलिस ताबड़तोड़ दबिश दे रही है।

### निवेशकों के प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री से की भेंट

**(संवाददाता)** देहरादून। शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में निवेशकों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल में शामिल सदस्यों ने उत्तराखण्ड में विशेष रूप से होमस्टे, एग्रो प्रोसेसिंग व कान्ट्रेक्ट फार्मिंग, डेयरी के क्षेत्र में निवेश की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने उत्तराखण्ड में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक नीतिगत निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में निवेश के अनुकूल माहौल है। यहां प्रभावी सिंगल विंडो सिस्टम है।

### आवेदन पत्र 20 नवम्बर तक प्रस्तुत करें

**(संवाददाता)** देहरादून। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी डी. के कौशिक ने अवगत कराया है कि जनपद के डोईवाला, रायपुर, सहसपुर ब्लाकों हेतु पूर्व सैनिक, ब्लाक प्रतिनिधियों की चयन प्रक्रिया माह नवम्बर 2019 के अन्तिम सप्ताह में आयोजित की जायेगी। उन्होंने सम्बन्धित ब्लाक के इच्छुक पूर्व सैनिक जो कि पूर्व सैनिकों एवं सैनिक आश्रितों के कल्याणार्थ समर्पण एवं निष्पक्ष भाव से कार्य करने की इच्छा एवं क्षमता रखते हों।

### जिले के सभी कार्यालय एवं संस्थान तम्बाकू से मुक्त करने के दिए निर्देश

**(संवाददाता)** देहरादून। ''जनपद के सभी सरकारी और गैर सरकारी कार्यालय एवं संस्थान तम्बाकू से मुक्त'' किये जाएं। यह निर्देश जिलाधिकारी सी रविशंकर द्वारा जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्ष व प्रभारी अधिकारियों को दिये गये। उन्होंने निर्देश दिये कि कोटपा अधिनियम 2003 का प्रभारी क्रियान्वयन करते हुए सभी सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों को तम्बाकू व धूम्रपान मुक्त किया जाय इसके लिए सम्बन्धित अधिकारी स्वयं अथवा किसी प्राधिकृत अधिकारी को नामित करते हुए।

### राफेल प्रकरण में मॉफी मांगें राहुल गांधीः विधायक जोशी

**(संवाददाता)** देहरादून। मसूरी विधायक गणेश जोशी ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं संग गढ़ी कैंट के डाकरा में रैली निकालर राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाये। उन्होनें कहा कि कांग्रेस में परिवार एवं व्यापार साथ–साथ चलते हैं। यंग इण्डिया लिमिटेड के माध्यम से भी कांग्रेस ने देश की जनता की कमाई को लूटा है, यह आयकर विभाग की एक रिपोर्ट में बताया गया है। देश को राहुल के बयानों पर ध्यान केन्द्रीत करने की जरुरत नहीं हैं। भारतीय जनता पार्टी राहुल गांधी एवं कांग्रेस द्वारा राफेल मामले में दिये गये बयान की भर्त्सना करती है। विधायक जोशी ने कहा कि जब सर्वोच्च न्यायालय ने इस मुद्दे पर दायर की गयी रिट पिटेशन रिव्यू को नकार दिया है तो कांग्रेस इससे सख्ते में आ गयी है।

## यदि शिक्षा संस्कारपूर्ण नहीं तो व्यर्थः सीएम

**समारोह**

■ दून पब्लिक स्कूल की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारम्भ

देहरादून। **सवांददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शनिवार को भानियावाला, देहरादून में दून पब्लिक स्कूल की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने समस्त विद्यालय परिवार को विद्यालय की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कोई भी विद्यालय तब तक एक अच्छा विद्यालय नहीं होता जब तक उसमें अच्छे शिक्षक ना हो। क्योंकि सभी अच्छे संसाधनों के होते हुए भी बिना शिक्षक के वह विद्यालय पूर्ण नहीं होता। और एक अच्छा शिक्षक सभी संसाधनों की कमी को पूर्ण कर सकता है। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षा संस्कारपूर्ण नहीं है, तो व्यर्थ है। बिना संस्कार के शिक्षा अधूरी है और जो व्यक्ति अपने समाज, राज्य व देश के विषय में नहीं सोचता वह शिक्षित नहीं है। मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को विद्यालय के 25 सफलतम वर्ष पूर्ण करने के लिये बधाई व शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने विद्यालय के टॉपर बच्चों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर दून पब्लिक स्कूल, भानियावाला की निदेशक सरोज रतूड़ी एवं प्रध ाानाचार्य एस.पी. भट्ट सहित छात्र–छात्राएं एवं उनके परिजन भी उपस्थित थे।



विद्यालय में आयोजित समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते सीएम।

## स्कूलों में वर्चुअल क्लास शुरू करने वाला उत्तराखण्ड बना पहला राज्य

**शुभारंभ**

मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन, ऑनलाईन जुड़े स्कूलों के बच्चों से किया संवाद

500 राजकीय विद्यालयों के लगभग 1 लाख 90 हजार बच्चे लाभान्वित होंगे

**संवाददाता**

देहरादून। एसआईटी व आरओटी के माध्यम से टू–वे सीमलैस इन्टरएक्टीवीटी द्वारा देहरादून स्थित 04 सेंट्रल स्टूडियो से प्रदेश के 500 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को जोड़ा जा रहा है। उत्तराखण्ड, स्कूली शिक्षा में वर्चुअल क्लासरूम प्रोजेक्ट शुरू करने वाला पहला राज्य बन गया है। शनिवार को मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेश के 500 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में वर्चुअल क्लास का उद्घाटन किया। वर्तमान में 150 विद्यालयां को जोड़ा जा चुका है। कार्यक्रम के दौरान ये सभी विद्यालय ऑनलाईन थे। अगले 15 दिनों में शेष 350 चिन्हित विद्यालयों को भी जोड़ दिया जाएगा।

नवोदय विद्यालय, ननूरखेड़ा, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में परियोजना का शुभारम्भ करते हुए मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में तकनीक के माध्यम से शिक्षा में सुधार किया जा रहा है। अनिर्णय की स्थिति ठीक नहीं होती है। 2010–11 से बजट उपलब्ध था परंतु निर्णय नहीं लिया गया। समय पर निर्णय न लिए जाने से लाखां बच्चे इससे वंचित रह गए। हमने इस पर निर्णय लिया और आज उत्तराखण्ड स्कूली शिक्षा में वर्चुअल क्लास शुरू करने वाल पहला राज्य बन गया है। इससे जहां किसी विषय विशेष के अध्यापक नहीं हैं, वहां वर्चुअल क्लास के माध्यम से उस विषय की पढ़ाई कराई जाएगी। इससे लगभग 1 लाख 90 हजार बच्चे लाभान्वित होंगे। केंद्र सरकार से राज्य को भरपूर सहयोग व सहायता मिलती है। ये हम पर है कि हम किस प्रकार से अच्छे प्रस्ताव बनाकर भेजते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देखा जाएगा कि विद्यालय समय के बाद स्कूल भवन का उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है। वर्चुअल क्लास का उपयोग एकेडमिक पढ़ाई के साथ ही कैरियर परामर्श, प्रतियोगिताओं की तैयारी, साक्षरता, मोटिवेशन क्लास में करने की सम्भावना देखी जाएगी। उन्होंने सचिव विद्यालयी शिक्षा को इसके लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक से शिक्षक का स्थान नहीं लिया जा सकता है परंतु जहां शिक्षक नहीं हैं, वहां यह उपयोगी रहेगी। इससे शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया जा सकता है। बच्चों का बहुआयामी विकास होगा। उनका सोचने का दायरा बढ़ेगा। शिक्षा मंत्री अरविंद पाण्डे ने कहा प्रदेश की विद्यालयी शिक्षा के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। भौगोलिक विषमताओं को देखते हुए हाई क्वालिटी एजुकेशन मे यह सुविध ाा बहुत उपयोगी रहेगी। शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है।




स्कूलों में वर्चुअल क्लास शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

### खेल महाकुंभ में अधिक से अधिक खिलाड़ियों का प्रतिभाग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

**(संवाददाता)** देहरादून। डीएम सी रविशंकर द्वारा खेल महाकुम्भ–2019 की तैयारियों के सम्बन्ध में जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी तथा जिला युवा कल्याण अधिकारी को महाकुम्भ के तृतीय संस्करण की खेलकूद प्रतियोगिताओं को समुचित ढंग से सम्पादित करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रतियोगिताओं में अधिक–से अधिक खिलाड़ियों के प्रतिभाग करने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार करने, प्रतियोगिता के दौरान क्रिड़ा स्थल पर प्राथमिक उपचार, पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था करने और कार्यक्रम के उद्घाटन और समापन के अवसर पर जनपद के प्रभारी मंत्री, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, जनपद के स्वतंत्रता सेनानी इत्यादि को आमंत्रित करते हुए शुभारम्भ एवं पुरस्कार वितरण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस बार राज्य स्तर पर 100 मी0 की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बालक–बालिकाओं को चौपहिया वाहन तथा शीर्ष 10 खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान करने की बात कही साथ ही स्थानीय स्तर पर सीएसआर फण्ड से सहयोग प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता को और अधिक आकर्षक बनाने के भी निर्देश दिये।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं0-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।